# POCSO अधिनियम के कार्यान्वयन में समस्याएँ

यह एडिटोरियल 20/01/2023 को 'द हिंदू' में प्रकाशित "Judging a decade of the POCSO Act" लेख पर आधारित है। इसमें पॉक्सो अधिनियम से संबद्ध मुद्दों पर चर्चा की गई है।

## संदर्भ

भारत के संविधान में बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिये कई उपबंधों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही, भारत 'बाल अधिकारों पर अभिसमय' (Convention on the Rights of the Child) और 'बच्चों की बिक्री, बाल वेश्यावृत्ति और चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर बाल अधिकार अभिसमय के वैल्पिक प्रोटोकॉल' (Optional Protocol on the Sale of Children, Child Prostitution and Child Pornography) जैसे ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय उपायों का भी हस्ताक्षरकर्ता है। हालाँकि, भारत में बाल यौन शोषण के विरुद्ध किसी समर्पित उपबंध का अभाव है।

- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (Protection of Children from Sexual Offences- POCSO) अधिनियम (2012) 14 नवंबर 2012 को लागू हुआ, जिसे बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (वर्ष 1992) के भारत के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया। इस विशेष कानून का उद्देश्य बच्चों के यौन शोषण और उनके प्रति यौन दुर्व्यवहार जैसे अपराधों को संबोधित करना था, जिन्हें या तो विशेष रूप से परिभाषित नहीं किया गया था या पर्याप्त रूप से दंडात्मक नहीं बनाया गया था।

## POCSO अधिनियम की कुछ महत्त्वपूर्ण बातें

- **लिंग-तटस्थ प्रकृति:**
  - अधिनियम चिह्नित करता है कि बालक एवं बालिकाएँ दोनों ही यौन शोषण के शिकार हो सकते हैं और यह, चाहे पीड़ित किसी भी लिंग का हो, ऐसे कृत्यों को अपराध मानता है।
  - यह इस सिद्धांत के अनुरूप है कि सभी बच्चों को यौन दुर्व्यवहार एवं शोषण से सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है और कानूनों को लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिये।
  - हालाँकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) ने पीड़ित बालक और बालिकाओं पर अलग-अलग डेटा प्रकाशित नहीं किया है, छत्तीसगढ़ में पाया गया कि POCSO के प्रत्येक 1,000 मामलों में पीड़ित बालकों की संख्या लगभग आठ थी (0.8%)।
    - यह दर्शाता है कि बालकों का यौन शोषण भी एक गंभीर मुद्दा है जो काफी हद तक रिपोर्ट नहीं की जाती है और अधिनियम द्वारा इसे भी संबोधित करने का प्रयास किया गया है।
- **मामलों की रिपोर्टिंग में आसानी:**
  - न केवल व्यक्तियों द्वारा बल्कि संस्थानों द्वारा भी बच्चों के यौन शोषण के मामलों की रिपोर्ट करने के लिये अब पर्याप्त सामान्य जागरूकता पाई जाती है, जहाँ मामलों की गैर-रिपोर्टिंग को भी POCSO अधिनियम के तहत एक विशिष्ट अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इससे बच्चों के विरुद्ध अपराधों को छिपाना अब तुलनात्मक रूप से कठिन हो गया है।
- **विभिन्न शब्दों की स्पष्ट परिभाषा:**
  - अधिनियम के तहत चाइल्ड पोर्नोग्राफी सामग्री के भंडारण को एक नया अपराध बनाया गया है।
  - भारतीय दंड संहिता में मौजूद 'किसी महिला के शील को भंग करना' (Outraging Modesty Of A Woman) की अमूर्त परिभाषा के विपरीत इस अधिनियम में 'यौन दुर्व्यवहार' के कृत्य को स्पष्ट शब्दों में (न्यूनतम सज़ा में वृद्धि के साथ) परिभाषित किया गया है।

## प्रमुख संबंधित पहलें

- बाल दुर्व्यवहार रोकथाम और अन्वेषण इकाई
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
- किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015
- बाल विवाह निषेध अधिनियम (वर्ष 2006)
- बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम, 2016

## POCSO अधनियिम से संबद्ध समस्याएँ

- **जाँच से जुड़ी समस्या:**
    - **पुलसि बल में महलिाओं का कम प्रतनिधित्वि:**
        - POCSO अधनियिम में प्रावधान है कि एक महलिा उप-नरीिक्षक द्वारा प्रभावति बच्चे का बयान बच्चे के नवािस स्थान या पसंद के स्थान पर दर्ज कयिा जाएगा।
        - लेकनि इस प्रावधान का पालन करना व्यावहारकि रूप से असंभव हो जाता है जब पुलसि बल में महलिाओं की संख्या मात्र 10% है और कई पुलसि थानों में शायद ही कोई महलिा कर्मी उपस्थति होती है।
    - **जाँच में चूक:**
        - यद्यप िबयान दर्ज करने के लयि ऑडयिो-वीडयिो माध्यमों का उपयोग करने का प्रावधान है, फरि भी कुछ मामलों में जाँच में एवं अपराध स्थलों के संरक्षण के मामले में चूक की ख़बरें मलिती रही हैं।
            - शफी मोहम्मद बनाम स्टेट ऑफ हमािचल प्रदेश (वर्ष 2018) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जघिन्य अपराधों के मामलों में यह जाँच अधकिारी का कर्तव्य है कि वह अपराध स्थल की फोटोग्राफी एवं वीडयिोग्राफी करे और साक्ष्य के रूप में इसे संरक्षति करे।
        - इलेक्ट्रॉनकि साक्ष्य की अखंडता सुनश्चिति करने के लयि उचति अवसंरचना के अभाव में कसिी भी ऑडयिो-वीडयिो माध्यम का उपयोग कर रकिॉर्ड कयि गए साक्ष्य की न्यायालय के समक्ष स्वीकार्यता (admissibility) हमेशा एक चुनौती बनी रहेगी।
    - **न्यायकि मजसि्ट्रेट द्वारा परीक्षण नहीं:**
        - अधनियिम का एक अन्य प्रावधान न्यायकि मजसि्ट्रेट द्वारा अभयिोजक/अभयिोक्त्री के बयान की रकिॉर्डगि को अनवािर्य बनाता है।
        - यद्यप िअधकिांश मामलों में इस तरह के बयान दर्ज कयि जाते हैं, लेकनि सुनवाई के दौरान न तो न्यायकि मजसि्ट्रेट को क्रॉस-एग्जामनिेशन के लयि बुलाया जाता है और न ही अपने बयान से मुकरने वालों को दंडति कयिा जाता है। इस परदृिश्य में ऐसे दर्ज बयान प्रायः नरिस्त हो जाते हैं।
- **आयु नर्धिारण का मुद्दा:**
    - यद्यप िकशिोर अपराधी का आयु नर्धिारण कशिोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधनियिम द्वारा नर्दिेशति है, कशिोर पीड़तिों के लयि POCSO अधनियिम के तहत ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।
        - जरनैल सहि बनाम हरयिाणा राज्य (वर्ष 2013) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रदत्त वैधानकि प्रावधान को अपराध के शकिार हुए कसिी बच्चे के लयि उसकी आयु नर्धिारति करने में भी सहयोगी आधार होना चाहयि।
        - हालाँक, कानून में कसिी भी बदलाव या वशिषि्ट नर्दिेशों के अभाव में जाँच अधकिारी अभी भी स्कूल प्रवेश-त्याग रजसि्टर में दर्ज जन्मतथि िपर ही भरोसा बनाये हुए हैं।
        - अधकिांश मामलों में माता-पिता (अस्पताल के या कसिी अन्य प्रामाणकि रकिॉर्ड के अभाव में) न्यायालय में आयु का बचाव करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं।
    - चकिति्सकीय मत के आधार पर आयु का अनुमान आम तौर पर इतना व्यापक होता है कि अधकिांश मामलों में अल्प-वयस्कों को वयस्क साबति कर दयिा जाता है।
        - अल्प-वयस्क के व्यस्क साबति होने के बाद सहमत िया यौन अंगों पर आघात न लगने के आधार पर दोषी के बरी होने की संभावना बढ़ जाती है।
- **आरोप-पत्र दाखलि करने में देरी:**
    - POCSO अधनियिम के अनुसार, अधनियिम के तहत दर्ज मामले की जाँच अपराध होने या अपराध की रपिोर्टगि की तथि िसे एक माह की अवध िके भीतर पूरी कर ली जानी है।
    - हालाँक, व्यवहारकि रूप से पर्याप्त संसाधनों की कमी, फोरेंसकि साक्ष्य प्राप्त करने में देरी या मामले की जटलिता जैसे वभिनि्न कारणों से जाँच पूरी होने में प्रायः एक माह से अधकि का समय लगता है।
    - इसके परणिामस्वरूप आरोप-पत्र दायर करने और सुनवाई शुरू होने में देरी की स्थति िबन सकती है, जो फरि पीड़ति के लयि न्याय की गत िएवं प्रभावशीलता को प्रभावति कर सकता है।
- **हाल ही में बने यौन संबंध को साबति करने के लयि शर्त आरोपति नहीं:**
    - न्यायालयों को यह वचिार करने की आवश्यकता होती है कि अभयिुक्त ने POCSO अधनियिम के तहत अपराध कयिा है।
    - भारतीय साक्ष्य अधनियिम (जहाँ अभयिोजन पक्ष को साबति करना होता है क िहाल में यौन संबंध बना और इसमें अभयिोक्त्री की सहमत िशामलि थी) के वपिरीत POCSO अधनियिम अभयिोजन पक्ष पर कोई शर्त आरोपति नहीं करता है।
    - हालाँक, यह देखा गया है क िपीड़ति/पीड़तिा की नाबालगि उम्र साबति होने के बाद भी न्यायालय द्वारा सुनवाई के दौरान ऐसे कसिी अनुमान पर वचिार नहीं कयिा जाता है।
    - ऐसे परदृिश्यों में दोषसद्धि िदर में अपेक्षति वृद्ध िप्राप्त होने की संभावना नहीं है।

## आगे की राह

- **पर्याप्त संसाधन:**
    - सरकार को POCSO संबंधी मामलों से संलग्न जाँच एजेंसयिों को धन और कर्मयिों जैसे पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने चाहयि। इससे यह सुनश्चिति करने में मदद मलिेगी क िमामले की जाँच समयबद्ध और कुशल तरीके से की जाए।
- **जाँच अधकिारयिों के लयि प्रशकि्षण:**
    - POCSO मामलों का प्रबंधन करने वाले जाँच अधकिारयिों को उचति प्रशकि्षण प्रदान कयिा जाना चाहयि। इसमें साक्ष्य एकत्र करने एवं संरक्षति करने, बाल पीड़तिों एवं गवाहों के बयान लेने और POCSO अधनियिम की कानूनी आवश्यकताओं की पूर्त िकरने हेतु उचति

तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान करना शामलि हो सकता है।

- **POCSO मामलों के लिये विशेष न्यायालय:**
  - POCSO मामलों के लिये विशेष न्यायालयों की स्थापना से यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है कि मामलों को त्वरित गति और कुशलता से संभाला जाएगा। इससे सुनवाई की प्रक्रिया में तेज़ी लाने में भी मदद मिलेगी, जो पीड़ित और उनके परिवार के लिये महत्त्वपूर्ण हो सकता है।
- **समयबद्ध चिकित्सकीय परीक्षण:**
  - हाल ही में यौन संबंध की पुष्टि करने के लिये दुर्व्यवहार की घटना के तुरंत बाद, जितनी जल्दी हो सके, पीड़ित बच्चे की चिकित्सकीय जाँच की जानी चाहिये।
- **जन जागरूकता:**
  - POCSO अधिनियम, बाल यौन शोषण की रिपोर्टिंग के महत्त्व और बाल पीड़ितों के अधिकारों के संबंध में जन जागरूकता के प्रसार से मामलों की रिपोर्टिंग में वृद्धि और जाँच प्रक्रिया में सुधार लाने में मदद मिल सकती है।
- **अंतर-एजेंसी समन्वय:**
  - पुलिस, बाल कल्याण समिति और चिकित्सा पेशेवरों जैसी विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि मामलों को व्यापक एवं समन्वित तरीके से संभाला जाएगा।
- **निगरानी और समीक्षा:**
  - सरकार को निगरानी और समीक्षा की एक प्रणाली स्थापित करनी चाहिये ताकि सुनिश्चित हो सके कि मामलों की जाँच POCSO अधिनियम के अनुरूप की जा रही और बाल पीड़ितों के अधिकार संरक्षित किये जा रहे हैं।

**अभ्यास प्रश्न:** यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम लागू होने के बाद से भारत में इसके कार्यान्वयन में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है?

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**Q. राष्ट्रीय बाल नीति के मुख्य प्रावधानों का परीक्षण कीजिये तथा इसके कार्यान्वयन की स्थिति पर प्रकाश डालिये। (वर्ष 2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/implementation-issues-with-the-pocso-act